सहायक के पद के लिए भर्ती – पैनल वर्ष – 2023: बैंक के नागपुर कार्यालय में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर का प्रकाशन

कृपया सहायक के पदों की भर्ती - पैनल वर्ष 2023 के बारे में हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रकाशित **दिनांक 13 सितंबर 2023** के विज्ञापन का संदर्भ लें। मुख्य परीक्षा, भाषा दक्षता परिक्षा और दस्तावेजों के सत्यापन में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर, उपरोक्त पदों के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

"अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर"

यह सूची अनंतिम है, तथा उम्मीदवारों को चिकित्सकीय दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने और ऊपर उल्लिखित हमारे विज्ञापन में निर्धारित अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करने के अधीन है। कृपया यह ध्यान दें कि आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के अभाव में और/या किसी भी नियम और शर्तों को पूरा नहीं करने की स्थिति में, उम्मीदवारों को बैंक में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव नागपुर कार्यालय द्वारा उनके संबंधित उपलब्ध ईमेल/डाक के पते पर भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिजर्व बैंक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग
नागपुर – 440001

अस्वीकरण: यद्यपि, सफल उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में पूरी सतर्कता बरती गई है, तथापि, असावधानीवश हुई किसी चूक, यदि कोई हो, का सुधार करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

टिप्पणी:-

1. 01 पीडब्ल्यूबीडी रिक्ति हेतु उपयुक्त अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण 01 अनारक्षित रिक्ति को रिक्त रखा गया है।